web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 02 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 125

# केन्द्रीय बजट पेश, सरकार ने खोला पिटारा, मोदी सरकार की अगुवाई में देश में बढ़ा एफडीआई

» मध्यम वर्ग को मिला फायदा » देश में बनाए जाएंगे 100 हवाई अड्डे » हर जिले में मेडिकल कॉलेज » कृषि उड़ान योजना को शुरू किया जाएगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपने बजट भाषण में कहा है कि जीएसटी को बनाने वाले आज हमारे साथ नहीं हैं, मैं अरुण जेटली जी को श्रद्धांजलि देती हूं। देश के लोगों की सेवा के लिए हमारी सरकार ने एक देश एक टैक्स कानून लागू करने का फैसला लिया। जीएसटी का कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है और हाल ही में इसने 1 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है। जीएसटी काउंसिल की ओर से लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट पेश करने की स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने आज बजट पेश करते हुए मध्यम वर्ग के लिए टैक्स स्लैब को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। टैक्स पेयर्स को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि अब 5 से 7.5 लाख रुपए की कमाई तक 10 फीसदी टैक्स देना होगा, 7.5 से 10 लाख रुपए की कमाई तक 15 फीसदी टैक्स देना होगा। इसी तरह 10 से 12.5 लाख रुपए की कमाई तक 20 फीसदी टैक्स देना होगा और 12.5-15 लाख रुपए तक की कमाई तक 25 फीसदी टैक्स देना होगा।

सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा है कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए सरकार बड़ा निवेश करेगी। इसके तहत मॉडर्न रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस स्टेशन, लॉजिस्टिक सेंटर्स बनाए जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को अपने स्टार्टअप में युवाओं को जोड़ने से अपील की जाएगी, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे,चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-



वे को जल्द ही पूरा किया जाने का लक्ष्य रखा जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि 6000 किमी. वाले हाइवे को मॉनिटाइज किया जाएगा, देश में 2024 तक 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। 24000 किमी. ट्रेन को इलेक्ट्रॉनिक बनाया जाएगा, तेजस ट्रेन की संख्या को बढ़ाया जाएगा, जो कि टूरिस्ट डेस्टिनेशन तक जाएगी। मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन के काम में तेजी लाई जाएगी। जल विकास मार्ग को बढ़ाया जाएगा, इस मार्ग को असम तक बढ़ाने की योजना है, ट्रांसपोर्ट में 1.70 लाख करोड़ रुपए का इनवेस्ट किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि अब ऑनलाइन डिग्री लेवल प्रोग्राम चलाए जाएंगे। जल्द ही सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति का ऐलान किया जाएगा, जिला अस्पतालों में अब मेडिकल कॉलेज बनाने की योजना भी बनाई जाएगी। लोकल बॉडी में काम करने के लिए युवा इंजीनियर्स को इंटर्नशिप की सुविधा दी जाएगी। उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सरकार काम कर रही है, दुनिया के छात्रों को भारत में पढ़ने के लिए सुविधाएं दी जाएंगी।

भारत के छात्रों को भी एशिया, अफ्रीका के देशों में भेजा जाएगा, राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। डॉक्टरों के लिए एक ब्रिज प्रोग्राम शुरू किया जाएगा, ताकि प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को प्रोफेशनल बातों के बारे में सिखाया जा सके। निर्मला सीतारमण ने कहा कि फिट इंडिया को मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए सरकार बड़ा एक्शन ले रही है। आयुष्मान भारत योजना में अस्पतालों की संख्या को बढ़ाया जाएगा, ताकि टी-2, टी-3 शहरों में मदद पहुंचाई जाएगी। इसके लिए पीपीपी मॉडल की मदद ली जाएगी, जिसमें दो फेज़ में अस्पतालों को जोड़ा जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे इंद्रधनुष मिशन का विस्तार किया जाएगा। मेडिकल डिवाइस पर जो भी टैक्स मिलता है, उसका इस्तेमाल मेडिकल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। टीबी के खिलाफ देश में अभियान शुरू किया जाएगा, 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा'। सरकार की ओर से देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने की कोशिश है, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत सेंटर्स की संख्या को बढ़ाया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजधानी में कुहासा, सर्दभरी सुबह

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार की सुबह कुहासा और सर्दभरी रही, जबकि वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि आसमान साफ रहेगा और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। उत्तरी भारत में कोहरे की स्थिति के कारण दिल्ली जाने वाली कम से कम 11 ट्रेनें एक से चार घंटे तक लेट रहीं। सफर ने बताया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक 215 पर दर्ज किया गया। रविवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज होने की आशंका है।

### चीन में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 259 हुई, 11,791 संक्रमित

बीजिंग। चीन में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हो गई है, जबकि 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों में 11,791 लोग संक्रमित हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि 1,795 मरीजों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और शुक्रवार रात तक 17,988 लोगों के वायरस से संक्रमित होने की आशंका थी। ठीक होने के बाद कुल 243 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। शुक्रवार को 2,102 नए मामलों की पुष्टि हुई है । वहीं 5,019 नए संदिग्ध मामले सामने आए हैं और 46 मौतें हुई हैं।

### उत्तरी इराक में अमेरिकी हवाई अड्डे के पास गिरे मोर्टार के पांच गोले

बगदाद। उत्तरी इराक में स्थित अमेरिकी सैनिकों के शिविर के पास मोर्टार के पांच गोले गिरे हैं। इराक की सुरक्षा सेवाओं ने देर शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा सेवाओं ने कहा, निनेवेह प्रांत में कय्याराह हवाई अड्डा के पास मोर्टार के पांच गोले गिरे हैं। इस घटना में हालांकि कोई घायल नहीं हुआ या किसी तरह की क्षति नहीं हुई।

### वित्त मंत्री ने दिया प्रत्यक्ष कर क्षेत्र में सुविधाजनक उपायों का प्रस्ताव

» आधार के माध्यम से पैनकार्ड के लिए ऑनलाइन आवंटन होगा

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट पेश करते हुए 'विवाद से विश्वास' योजना का प्रस्ताव दिया है, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष कर भुगतानों में मुकदमेबाजी को कम करना है। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे करदाता जिनके मामले किसी भी स्तर पर लंबित हैं, उन्हें इस योजना से लाभ मिल सकता है।

### जापान में महसूस किए गए भूकंप के झटके

टोक्यो। जापान के पूर्वी क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर भूकंप के झटके महसूस किये गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक केंद्र ने यह जानकारी दी। दोनों बार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर क्रमशः 5.2 और 5.3 मापी गई। केंद्र ने बताया कि दक्षिणपूर्व में स्थित असही शहर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार चार बजकर 11 मिनट पर भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी। जो जमीनी सतह से 39.8 की गहराई में स्थित था।

### जापान के फुकुशिमा में पुलिस का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, कई घायल

टोक्यो। जापान के फुकुशिमा प्रांत में पुलिस का एक हेलिकॉप्टर शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण कई लोग घायल हो गये। एनएचके न्यूज चैनल के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर धान के मैदान में गिरा। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं।

## जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के पास थे आईईडी, गोला बारुद

» बड़े हमले को देने वाले थे अंजाम

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू में एक टोल प्लाजा के पास मुठभेड़ में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक होर्डिंग के नीचे इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) छोड़ दिया था जिसका उपयोग एक अन्य आतंकवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए करता। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के पास तीसरे चरण के बुलेटप्रूफ वाहनों को भेदने वाली गोलियां भी थी जिसका इस्तेमाल पुलिस तथा अन्य



सुरक्षा बल करते हैं।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के पास गोला बारुद भारी मात्रा में था और इससे गंभीर खतरा हो सकता था। यह आतंकवादी जम्मू शहर से करीब 28 किलोमीटर दूर नगरोटा के समीप बान टोल प्लाजा में पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़ में मारे गए थे। इन तीनों आतंकवादियों को मार गिराने के बाद अभियान बंद कर दिया गया लेकिन इलाके में तलाश अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि ट्रक से आए आतंकवादियों के पास राजमार्ग पर सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए सीमा पार से आया शक्तिशाली आईईडी था।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने राजमार्ग पर एक होर्डिंग के पास इसे रख दिया जिसका इस्तेमाल उनके मॉड्यूल के एक तीसरे शख्स को करना था जो अभी जम्मू में है। ट्रक चालक समीर डार, कंडक्टर आसिफ मलिक तथा आतंकवादी समूह के अन्य सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है. सभी पुलवामा के ककपोरा के रहने वाले हैं।

## मिस्र में 12 साल की बच्ची की खतने के बाद मौत

» माता-पिता और डॉक्टर की गिरफ्तारी का आदेश

काहिरा। दक्षिणी मिस्र में 12 साल की एक बच्ची की खतने के बाद मौत हो गई. एक न्यायिक बयान में कहा गया कि बच्ची के माता पिता उसे उस चिकित्सक के पास ले गए थे जो एफजीएम करता था. मिस्र की संसद में वर्ष 2008 में एक कानून पारित किया गया, जिसके तहत महिलाओं के खतने पर प्रतिबंध लग गया. हालांकि विपक्षी दल ने इसका पुरजोर विरोध किया था. देश में खतना अपराध होने के बावजूद बड़े पैमाने पर इसकी सदियों पुरानी परंपरा चल रही है। अभियोजन दफ्तर से गुरुवार रात एक बयान जारी करके कहा कि असिउत प्रांत में बच्ची की मौत के बाद मिस्र के सरकारी वकील ने बच्ची के माता-पिता और खतना करने वाले चिकित्सक को गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए, तदवेन जेंडर रिसर्च सेंटर के प्रबंध निदेशक अल्मे फहमी कहते हैं, 'मिस्र में कई और लड़कियों को खतने के लिए बाध्य किया जाएगा और उनमें से कई लड़कियों की तब तक मौत होती रहेंगी, जब तक कि देश में इसके लिए स्पष्ट रणनीति नहीं होगी और इसे सही में अपराध नहीं माना जाएगा.' सरकार ने 2015 में एक सर्वेक्षण कराया था, जिसमें यह सामने आया कि मिस्र की 87 फीसदी महिलाओं का 15 से 49 साल की उम्र में खतना हुआ था।

## अरब लीग ट्रंप के शांति समझौते प्रस्ताव पर बैठक करेगा

काहिरा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा प्रस्तावित इजरायल-फिलिस्तीनी शान्ति समझौते पर विचार-विमर्श करने के लिए अरब लीग के सभी विदेश मंत्री शनिवार को मिस्र में एक बैठक करेंगे। बैठक में अमेरिका के इस प्रस्ताव पर अरब देशों में आम सहमति बनाना मुख्य उद्देश्य होगा।



इस प्रस्ताव में दरअसल येरुशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता देने और इसके बदले में वेस्ट बैंक को फिलिस्तीन की सीमा में देने की बात कही गयी है। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अरब लीग की बैठक का प्रस्ताव रखा और वह इसमें भाग लेने के लिए तैयार हैं।

गौरतलब है कि ट्रम्प ने इस समझौते को शताब्दी का सबसे बेहतर समझौता बताया था। फिलिस्तान के कई नेताओं ने हालांकि इस समझौते की आलोचना करते हुए इस पर असहमति व्यक्त की थी।

## सैंतालीस साल बाद यूरोपीय संघ से अलग हुआ ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन 47 साल बाद स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार यानि 31 जनवरी रात 11 बजे और भारतीय समय के अनुसार शनिवार तड़के साढ़े चार बजे यूरोपीय संघ से अलग हो गया। ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होने की प्रक्रिया वर्ष 2016 में शुरू हुई थी। वर्ष 2016 में हुए जनमत सर्वेक्षण में 51.89 प्रतिशत लोगों ने ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने के पक्ष में मतदान किया था। ब्रेक्जिट के मुद्दे पर ब्रिटेन के दो प्रधानमंत्रियों डेविड कैमरन तथा सुश्री थेरेसा मे को इस्तीफा देना पड़ा था। आखिरकार मौजूदा समय में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन संसद में ब्रेक्जिट प्रस्ताव को पास कराने में सफल हुए।

## वोट डालने आने वालों के लिए स्पाइसजेट ने फ्री की उड़ान

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव होनें में बस अब कुछ ही दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग बाहर रहते हैं वो वोट डालने के लिए परेशान हो रहे हैं। अब जो भी व्यक्ति दिल्ली का है और बाहर रहता है उसके लिए



स्पाइसजेट नई योजना लेकर आ रहा है.दरअसल स्पाइसजेट ने एक स्पाइसजेट डेमोक्रेसी नाम के अभियान की शुरुआत की है. इस अभियान में वोटर के किराए का वहन कंपनी करेगी. इसमें 8 फरवरी को टिकट फ्री रहेगा।

इस अभियान के तहत एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा है कि जो लोग दिल्ली में 8 फरवरी को वोट डालने जाएंगे उनको इस ऑफर का लाभ मिलेगा. यदि कोई व्यक्ति 8 को आता है और उसी दिन वापस चला जाता है तो उसका दोनों तरफ का किराया कंपनी देगी. वहीं अगर कोई 7 को आता है और 8 को जाता है तो 8 का किराया फ्री होगा. 8 को आने वाला किसी और दिन जाता है तो उसका 8 का किराया फ्री रहेगा. कुल मिलाकर 8 का किराया फ्री रहेगा.

अगर आप वोट डालने के लिए दिल्ली जा रहे हैं तो आपको कंपनी की वेबसाइट में पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा. स्पाइसजेट का कहना है कि रजिस्ट्रेशन करने वाले व्यक्ति को सोशल साइट पर वोटिंग करने के लिए बाकी लोगों को भी प्रेरित करना होगा. इसके बाद अगर आपका नाम शार्टलिस्ट किया गया तो फिर आपको कंपनी का से यह ऑफर मिलेगा।

इस सुविधा में एअर लाइन केवल आपके टिकट का जो बेस फेयर होगा सिर्फ उसका भुगतान करेगी. बाकी सभी टैक्स का भुगतान स्वयं करना होगा. जिसमें सरचार्ज, लेवी और बाकी दूसरी लागत शामिल है।

## किसानों की आमदनी बढ़ाने 16 सूत्री कार्ययोजना पर जोर


» 2020-21 के लिए 15 लाख करोड़ रुपये के कृषि ऋण का लक्ष्य

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की जनता के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और जीवन सुगमता की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट पेश करते हुए किसानों की आमदनी दोगुनी करने, बागवानी, अनाज भंडारण, पशुपालन और नीली अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने पर केन्द्रित 16 सूत्री कार्य योजना की घोषणा की। किसानों की आमदनी दोगुनी 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ वित्त मंत्री ने आज अपने बजट भाषण में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के दायरे में और 20 लाख किसानों को लाने का प्रस्ताव किया। इसके अलावा 15 लाख अतिरिक्त किसानों को उनके बिजली के पंपों को सौर ऊर्जा चलित बनाने में मदद की जाएगी।



## एमएसएमई उद्यमों के लेखा परीक्षण के लिए टर्नओवर 5 करोड़ की गई

नईदिल्ली (आरएनएस)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के अंतर्गत छोटे खुदरा विक्रेता, व्यापारी, दुकानदार आदि आते हैं।



इन उद्यमों पर अनुपालन की जिम्मेदारी को कम करने के उद्देश्य से केन्द्रीय बजट में इन उद्यमों के लेखा परीक्षण के लिए टर्नओवर की सीमा 5 गुणा बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया गया है। वर्तमान में यह सीमा 1 करोड़ रुपये है। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि कम नगद वाली अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह बढ़ाई गई सीमा केवल उन्हीं उद्यमों पर लागू होगी।

जिनके कारोबार में नगद लेनदेन की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से कम है। वर्तमान में जिन उद्यमों का टर्नओवर 1 करोड़ रुपये से अधिक है उन्हें अपने खाते-बही का लेखा परीक्षण किसी लेखा अधिकारी से करवाना होता है। स्टार्ट-अप पारितंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्रीय बजट में कर्मचारियों के लिए कर-बोझ में राहत देने हेतु ईएसओपी पर कर भुगतान को 5 साल के लिए या कर्मचारियों द्वारा कम्पनी छोड़े जाने तक या जब वे अपनी हिस्सेदारी बेचते हैं, इनमें से जो भी पहले होगा, कर भुगतान को स्थगित रखा गया है। स्टार्ट-अप भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

## चार स्टेशनों का पुनर्विकास और पीपीपी मोड के जरिए 150 यात्री ट्रेनों का संचालन

» रेल लाइनों के किनारे बड़े सौर ऊर्जा क्षमता की स्थापना का प्रस्ताव

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस 2019 में कहा था कि अगले पांच वर्षों के दौरान अवसंरचना पर 100 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस संबंध में केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि मैंने 31 दिसंबर, 2019 को 103 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले राष्ट्रीय अवसंरचना पाइप लाइन का शुभारंभ किया। इस परियोजना में विभिन्न क्षेत्रों के 6500 परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का वर्गीकरण विकास के चरण और उनके आकार के आधार पर किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी अवसंरचना विशेष पर आधारित कौशल विकास अवसरों पर विशेष ध्यान देगी। भारतीय युवाओं के लिए विनिर्माण, परिचालन और अवसंरचना के रख-रखाव के क्षेत्र में रोजगार के आपार अवसर मौजूद है। केन्द्रीय बजट में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए परियोजना तैयारी सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। इस कार्यक्रम में युवा इंजीनियरों, प्रबंध स्नातकों और विश्वविद्यालयों के अर्थशास्त्रियों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।